**NEWS CLIPPING: 28.06.2020**

**THE PIONEER**

# करियर काउंसलिंग पर आयोजित चार दिवसीय वेबिनार संपन्न

## विश्वविद्यालय द्वारा एनिमेशन पर प्रतियोगिता की घोषणा की गई

**फरीदाबाद**। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज विभाग द्वारा करियर काउंसलिंग सेल के सहयोग से करियर काउंसलिंग पर आयोजित चार दिवसीय वेबिनार श्रृंखला संपन्न हो गई। अंतिम दिन, युनिवर्सिटी आफ सिडनी से सामाजिक सांकेतिकता में विशेषज्ञ डॉ. अहमर महबूब तथा बिट्स मिसरा, नोएडा परिसर से व्यवहार परिवर्तन संचार में विशेषज्ञ डॉ. सुपर्णा दत्ता विशिष्ट अतिथि तथा आमंत्रित वक्ता रहे। इस सत्र में 80 से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सत्र की अध्यक्षता विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा ने की। सत्र का समन्वयन डॉ. दिव्यज्योति सिंह, चाहिता बैनर्जी और आदित्य कुमार द्वारा किया गया।

वेबिनार ने 'एनीमेशन और मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी' के क्षेत्र में करियर विकल्पों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। डॉ. सुपर्णा दत्ता विद्यार्थियों को एनिमेशन उद्योग में अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**NEWS CLIPPING: 28.06.2020**

**THE PIONEER**

# शिक्षकों के लिए भी उद्योगों का व्यवहारिक अनुभव जरूरी : नेहरू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम में उद्योग-अकादमिक कौशल अंतर को भरने पर हुई चर्चा

वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा शिक्षा और उद्योग के बीच कौशल अंतर भरने के उद्देश्य से 'इंडस्ट्री-अकेडमी कनवर्जेंस: ब्रिजिंग द स्किल गैप' विषय पर एक सप्ताह के ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम टीईक्यूआईपी परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू द्वारा किया गया।

अपने संबोधन में प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों के कौशल विकास पर बल दिया तथा शैक्षिक संस्थानों में अनुसंधान की गुणवत्ता और उत्कृष्टता के लिए कौशल को आवश्यक बताया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री. राज नेहरू ने जरूरी कौशल न होने के कारण युवाओं को रोजगार में आने वाली दिक्कतों को उजागर किया और कहा कि विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों को भी उद्योग का व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए ताकि वे विद्यार्थियों की कौशल संबंधी जरूरतों को बेहतर ढंग से समझ सके। कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न कॉलेजों के अलावा चेन्नई, कानपुर, बनारस, लखनऊ और गाजियाबाद के शिक्षण संस्थानों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

**NEWS CLIPPING: 28.06.2020**

**HINDUSTAN**

# रोजगार की जानकारी दी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की ओर से शिक्षा और उद्योग के बीच तालमेल बनाने को लेकर 'इंडस्ट्री-अकेडमी कनवर्जेंसः ब्रिजिंग द स्किल गैप' पर सात दिवसीय ऑनलाइन फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया। टीईक्यूआईपी परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया।

**NEWS CLIPPING: 28.06.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# जानकारी दी

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी में 'इंडस्ट्री अकैडमी कनवर्जेंस – ब्रिजिंग द स्किल गैप' विषय पर एक सप्ताह के ऑनलाइन फैकल्टी डिवेलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन हुआ। प्रफेसर दिनेश कुमार, डॉ. मुनीष वशिष्ठ, कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, डॉ. नीलम तुर्क मौजूद रहे।

## NAVBHARAT TIMES

# वेबिनार का समापन

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज विभाग की वेबिनार श्रृंखला का शनिवार को समापन हो गया। यूनिवर्सिटी की काउंसलिंग सेल की मदद से 4 दिवसीय श्रृंखला आयोजित हुई।

**NEWS CLIPPING: 28.06.2020**

## DAINIK JAGRAN

# अनुसंधान की गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता के लिए कौशल जरूरी

जासं, फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमएसीए) विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग ने इंडस्ट्री अकादमी कनवर्जेंस ब्रिजिंग द स्किल गैप विषय पर एक सप्ताह के ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। विश्वकर्मा कौशल विवि के कुलपति राज नेहरू मुख्य अतिथि थे। प्रो. दिनेश ने विद्यार्थियों के कौशल विकास पर बल दिया तथा शैक्षिक संस्थानों में अनुसंधान की गुणवत्ता व उत्कृष्टता के लिए कौशल को आवश्यक बताया। कुलपति राज नेहरू ने जरूरी कौशल न होने के कारण युवाओं को रोजगार में आने वाली दिक्कतों को उजागर किया। कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न कॉलेजों के अलावा चेन्नई, कानपुर, बनारस, लखनऊ व गाजियाबाद के शिक्षण संस्थानों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजन सचिव डॉ. प्रदीप की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में डॉ. मुनीष वशिष्ठ ने कार्यक्रम का सारांश दिया व कुलसचिव डॉ. सुनील गर्ग ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। विभाग की अध्यक्षा डॉ. नीलम ने विशेषज्ञ वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।